Title: Need to declare minimum support price for mustard.

I

श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी कि प्रत्येक मौसम में मुख्य-मुख्य फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा भारत सरकार द्वारा की जाती है। खरीफ मौसम के लिए धान, बाजरा, ज्वार, मक्का, रागी, मूंग, उड़द, अरहर, तिल, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, रामतिल एवम् कपास कुल 14 फसलों एवम् रबी मौसम के लिए गेहूं, जौ, चना, मसूर, सरसों, कुसुम और तौरियां कुल सात फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किए जाते हैं।

गेहूं एवम् धान की खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से की जाती है, जिसमें राजफैड, राजस्थान वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन एजेंट के रूप में कार्य करते हैं। तिलहनी एवम् दलहन फसलों की खरीद हेतु नेफेड को केन्द्रीय नोडल एजेंसी के रूप में अधिकृत किया हुआ है। नेफेड इस कार्य हेतु राज्य एजेंसी राजफैड एवम् तिलम संघ का सहयोग लेता है। प्रत्येक फसल हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा भारत सरकार द्वारा कृषि लागत एवम् मूल्य आयोगी की अनुशंसा पर की जाती है। रबी 2004-2005 में सरसों के अंतर्गत 26.00 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में बुवाई एवम् 35 लाख मीट्रिक टन उत्पादन होने की संभावना है। इसको दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार द्वारा सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था हेतु भारत सरकार अपनी व्यवस्था प्रदान करे।

मेरा सदन के मार्फत माननीय कृषि मंत्री जी से यह भी निवेदन है कि भारत सरकार द्वारा अभी तक जो न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है, उस पर गंभीरता के विचार करके, किसानों के हित में, तुरंत घोषणा करने की कृपा करें।